# वित्तीय व्यय की समीक्षा आख्या– लखनऊ मण्डल
## भ्रमण तिथि–18 से 20 जुलाई, 2024

मिशन निदेशक, महोदया राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार (कार्यालय पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0एण्डई0/2024–25/04/1873–2 दिनांक– 04.07.2024 के संदर्भ में राज्य स्तरीय टीम के द्वारा वित्तीय व्यय की समीक्षा हेतु दिनांक 18 से 20 जुलाई, 2024 तक लखनऊ मण्डल का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया।

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय टीम के सदस्यः–**

डा0 रेशमा मसूद, उपमहाप्रबंधक–राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, एस0पी0एम0यू0।
सुश्री इंद्रानी सरकार, लेखा प्रबंधक, नियोजन अनुभाग, एस0पी0एम0यू0।
श्री विनय शर्मा, तकनीकी एक्जीक्यूटिव, वित्त अनुभाग, एस0पी0एम0यू0।

**राज्य स्तरीय टीम के पर्यवेक्षण का तिथिवार विवरण–**

| क.स. | तिथि | जनपद |
|---|---|---|
| 1. | 18 जुलाई, 2024 | जनपद उन्नाव एवं रायबरेली |
| 2. | 19 जुलाई, 2024 | जनपद सीतापुर, हरदोई एवं लखीमपुर खीरी |
| 3. | 20 जुलाई, 2024 | जनपद लखनऊ एवं मण्डल स्तरीय बैठक |

- राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 18 से 20 जुलाई, 2024 के मध्य लखनऊ मण्डल के सभी जनपदों का भ्रमण किया गया जिसमें आवंटित बजट एवं कमिटेड बजट के सापेक्ष किये गये व्यय की समीक्षा की गयी। बैठक में जनपदों में मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारी/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला चिकित्सालय के एकाउन्टेण्ट, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबन्धक, डी0सी0पी0एम0, विभिन्न कार्यक्रमों के जनपदीय कंसल्टेंट/प्रोग्राम कोआर्डिनेटर, बी.सी.पी.एम., बी.ए.एम आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया है **(जनपदों में सम्पन्न बैठको के कार्यवृत्त सुलभ संदर्भन हेतु संलग्न)**।
- दिनांक 20 जुलाई, 2024 को मण्डलीय अपर निदेशक–लखनऊ मण्डल की अध्यक्षता में मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मण्डलीय कार्यक्रम प्रबंधक, मण्डलीय लेखा प्रबंधक, मण्डलीय प्रबंधक– आशा, जनपदीय नोडल अधिकारियों/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला लेखा प्रबन्धक आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उक्त के क्रम में दिनांक 18 से 20 जुलाई, 2024 की समीक्षा बैठक में लखनऊ मण्डल के जनपदों में कुल व्यय की प्रगति की स्थिति निम्नानुसार है–

| Lucknow Division | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Committed Budget before and after visit | | | | | |
| Name of District | Committed Budget | Expenditure before visit 18.07.2024 | Expenditure after Visit 20.07.2024 | Increase in expenditure (in lakh) | Percentage |
| DHS, LUCKNOW | 6336.06 | 593.00 | 614.61 | 21.61 | 9.70% |
| DHS, SITAPUR | 3629.59 | 543.42 | 608.43 | 65.01 | 16.76% |
| DHS, HARDOI | 1756.45 | 315.00 | 360.02 | 45.02 | 20.50% |
| DHS, UNNAO | 1317.66 | 87.29 | 146.83 | 59.54 | 11.14% |
| DHS, LAKHIMPUR KHERI | 1534.98 | 363.00 | 363.00 | 0.00 | 23.65% |
| DHS, RAEBARELI | 1078.30 | 93.00 | 130.52 | 37.52 | 12.10% |
| **Total** | **15653.04** | **1994.70** | **2223.42** | **228.71** | **14.20%** |

| DHAP budget before and after visit | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Name of District | DHAP | Expenditure before visit 18.07.2024 | Expenditure after Visit 20.07.2024 | Increase in expenditure (in lakh) | Percentage |
| DHS, LUCKNOW | 29103.46 | 3386.16 | 3386.16 | 0.00 | 11.63% |
| DHS, SITAPUR | 19189.24 | 2010.01 | 2010.01 | 0.00 | 10.47% |
| DHS, HARDOI | 16893.77 | 2002.47 | 2002.47 | 0.00 | 11.85% |
| DHS, UNNAO | 11846.17 | 1327.40 | 1327.40 | 0.00 | 11.21% |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| DHS, LAKHIMPUR KHERI | 16875.99 | 2034.24 | 2034.24 | 0.00 | 12.05% |
| DHS, RAEBARELI | 13010.36 | 1560.60 | 1560.60 | 0.00 | 12.00% |
| **Total** | **1,06,918.99** | **12,320.87** | **12,320.87** | **0.00** | **11.52%** |

| Total budget(DHAP & Committed) expenditure before and after visit | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Name of District** | **Total** | **Expenditure before visit 18.07.2024** | **Expenditure after Visit 20.07.2024** | **Increase in expenditure (in lakh)** | **Percentage** |
| DHS, LUCKNOW | 35439.52 | 3979.16 | 4000.77 | 21.61 | 11.29% |
| DHS, SITAPUR | 22818.83 | 2553.42 | 2618.43 | 65.01 | 11.47% |
| DHS, HARDOI | 18650.22 | 2317.47 | 2362.50 | 45.02 | 12.67% |
| DHS, UNNAO | 13163.83 | 1414.69 | 1474.23 | 59.54 | 11.20% |
| DHS, LAKHIMPUR KHERI | 18410.97 | 2397.24 | 2397.24 | 0.00 | 13.02% |
| DHS, RAEBARELI | 14088.66 | 1653.60 | 1691.12 | 37.52 | 12.00% |
| **Total** | **122572.03** | **14315.58** | **14544.29** | **228.71** | **11.87%** |

**जनपदों में वित्तीय समीक्षा बैठक के दौरान निम्न बिन्दु संज्ञान में आये:–**

- लेखा प्रबंधकों द्वारा मासिक रूप से कार्यक्रम अधिकारियों को व्यय की सूचना उपलब्ध कराने में विलम्ब किया गया।
- जनपद सीतापुर, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, लखनऊ तथा रायबरेली द्वारा कुछ मदों में आवश्यकता से अधिक धनराशि कमिट करायी गयी है। कमिट कराते समय कार्यक्रम अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित नहीं किया गया था। अतः निर्देशित किया गया कि अनावश्यक कमिटेड बजट धनराशि का गहन आंकलन करते हुए मदवार बजट सरेण्डर किया जाये, जिसकी सूचना राज्य स्तर को पत्र के माध्यम से सूचित करें।
- जनपदों की समीक्षा बैठक किये जाने के उपरांत यह संज्ञान में आया है कि सभी जनपदों में में अत्यधिक धनराशि कमिटेड में रक्षित करायी गयी है। अतः निर्देशित किया गया कि उपरोक्त सभी ऑनगोइंग मदों का व्यय शीघ्रातिशीघ्र किया जाये।
- जनपदों द्वारा मुख्यता पी0बी0आई0, टी0बी0आई0, आशा इंसेन्टिव, जे0एस0वाई0, जे0एस0एस0के0, एच0बी0वाई0सी0 प्रशिक्षण, वी0एच0एन0सी0, सबसेन्टर रेन्ट एवं पी0ओ0एल0 जनरेटर की धनराशि कमिट करायी गयी है। परन्तु व्यय नहीं किया गया है।

**जनपद–उन्नाव– आयुष्मान आरोग्य मंदिर, नारी, ब्लाक–अचलगंज**

- केन्द्र पर प्रतिदिन ओ.पी.डी. लगभग 17 लाभार्थियों की है।
- महिलाओं एवं पुरूष के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था नही है तथा शौचालय में रनिंग वॉटर की सुविधा भी नहीं है।
- केन्द्र में पॉवर बैकअप नहीं है।
- सिकेल सेल रैपिड टेस्ट जांच किट पानी की जांच किट उपलब्ध नहीं थी।
- ई0डी0एल0 के अनुसार उपलब्ध औषधियों के बारे में जानकारी का अभाव था।
- प्रसव हेतु सुविधा उपलब्ध नहीं थी।
- एन0सी0डी0 प्रशिक्षण के संबंध में सी0एच0ओ0 को ठीक प्रकार से ज्ञान का अभाव था।

**जनपद–उन्नाव– आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बंथर, ब्लाक–अचलगंज,**

- केन्द्र पर प्रतिदिन ओ.पी.डी. लगभग 17 लाभार्थियों की है।
- महिलाओं एवं पुरूष के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था नही है तथा शौचालय में रनिंग वॉटर की सुविधा भी नहीं है।
- केन्द्र में पॉवर बैकअप नहीं है।
- सिकेल सेल रैपिड टेस्ट जांच किट पानी की जांच किट उपलब्ध नहीं थी।
- योगा हेतु पृथक से स्थान की उपलब्धता नहीं थी।
- ई0डी0एल0 के अनुसार केवल 34 प्रकार की ही औषधियां उपलब्ध थी।
- स्टॉक रजिस्टर ठीक प्रकार से व्यवस्थित नहीं था।

**जनपद–उन्नाव– जिला महिला चिकित्सालय,**

- लेबररूम में डिजिटल वॉल क्लॉक स्लो थी।
- लेबर रूम के बाहर स्थित टॉयलेट अत्यंत गंदा था। नियमित साफ–सफाई हेतु निर्देशित किया गया।
- अंतराल एवं प्रसव पश्चात परिवार नियोजन की उपलब्धता से संतुष्ट, परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर की स्थापना की जाय तथा काउंसलिंग हेतु स्टाफ नर्स को नामित किया जाय।
- सभी स्टॉफ नर्स को पार्टटोग्राफ भरना ठीक प्रकार से नहीं आता था।
- प्रसव कक्ष में ए0सी0 से पानी रिस रहा था।
- Nevirapine suspension प्रसव कक्ष में उपलब्ध नहीं पाया गया।

**मण्डलीय समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश/सुझाव :–**

- मण्डलीय अपर निदेशक कार्यालय में दिनांक 20.07.2024 को समीक्षा बैठक सम्पन्न की गयी। बैठक में लखनऊ मण्डल के समस्त जनपदों को आवंटित/कमिटेड बजट धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि समस्त कमिटेड लायबिलिटीज के लंबित भुगतानों का प्रत्येक माह की 15 तारीख तक एवं माह के अन्तिम कार्यदिवस में व्यय की समीक्षा करे तथा एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर अद्यतन करना सुनिश्चित करें।
- दिनांक 18.07.2024 एवं 19.07.2024 को जनपदों की समीक्षा बैठक किये जाने के उपरांत यह संज्ञान में आया कि सभी जनपदों में **मुख्यता पी0बी0आई0, टी0बी0आई0, आशा इंसेन्टिव, जे0एस0वाई0, जे0एस0एस0के0** मदों में अत्यधिक धनराशि कमिटेड में रक्षित करायी गयी है। अतः निर्देशित किया गया कि उपरोक्त सभी ऑनगोइंग मदों का व्यय शीघ्रातिशीघ्र किया जाये।
- मण्डलीय कार्यक्रम अधिकारियों, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा जनपदों के जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं लेखा प्रबंधकों को सुझाव दिया गया कि मासिक रूप से सभी कार्यक्रमों के कार्यक्रम अधिकारियों के साथ मदवार वित्तीय समीक्षा किया जाये एवं कम व्यय वाले मद को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करायी जाये।
- जिला लेखा/कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा प्रत्येक माह सम्बंधित कार्यक्रम अधिकारियों के साथ वित्तीय समीक्षा हेतु एफ.एम.आर. कोडवार व्यय की समीक्षा करें ताकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारियों के साथ भौतिक समीक्षा के साथ–साथ वित्तीय समीक्षा भी की जा सके।
- कमिटेड धनराशि जिसका लम्बित भुगतान हो उन्हीं धनराशि को व्यय हेतु कार्ययोजना बनाकर नियमानुसार व्यय करायें एवं शेष धनराशि को मदवार सरेण्डर करते हुये राज्य स्तर को पत्र द्वारा सूचित करें।
- जिस धनराशि का व्यय किया जा चुका है। उसको अविलम्ब एफ.ए.एम.एस. पोर्टल पर शत–प्रतिशत अद्यतन कराना सुनिश्चित करें।
- कार्यदायी संस्था द्वारा व्यय की गयी धनराशि का एस.ओ.ई. प्राप्त कर अविलम्ब एफ.एम.एम.एस. पोर्टल पर अद्यतन कराना सुनिश्चित करायें।
- जनपद में यदि कोई टेण्डर लम्बित है या टेण्डर करने में किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो राज्य स्तर पर सम्बंधित अनुभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक निर्देश प्राप्त करें। साथ ही यदि जनपद द्वारा कराये गये किसी भी कार्य का भुगतान लम्बित है, तो अविलम्ब कार्यवाही करते हुये नियमानुसार भुगतान कराना सुनिश्चित करें।
- उक्त निर्देशों/सुझावों के साथ बैठक सम्पन्न की गयी।

| श्री विनय शर्मा, | इंद्रानी सरकार | डा0 रेशमा मसूद |
|---|---|---|
| (तकनीकी एक्जीक्यूटिव ) | (लेखा प्रबंधक) | (उपमहाप्रबंधक–आर0बी0एस0के0) |